राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
बिहार लोक भवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–111/2026

राज्यपाल ने प्रधानमंत्री टी०बी० मुक्त भारत अभियान के तहत फूड बास्केट का वितरण किया

पटना 24 जून, 2026 :– माननीय राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सय्यद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने 51 टी०बी० रोगियों को बिहार लोक भवन में फूड बास्केट का वितरण किया। राज्यपाल ने प्रधानमंत्री टी०बी० मुक्त भारत अभियान के तहत नि–क्षय मित्र के रूप में इन मरीजों को गोद लिया है।

इस अवसर पर राज्यपाल ने टी०बी० के मरीजों को नियमित रूप से दवा और पोषक आहार लेने को कहा। उन्होंने कहा कि दवा के लगातार सेवन तथा अपनी संकल्प शक्ति से वे टी०बी० से मुक्त हो जाएँगे। उन्होंने कहा कि वे इलाज के दौरान अथवा चिकित्सक के सलाह के बिना दवा लेना बंद नहीं करें।

इस अवसर पर राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार सिंह, राज्यपाल सचिवालय के पदाधिकारीगण व कर्मीगण, फूड बास्केट प्राप्त करनेवाले टी०बी० के मरीज तथा अन्य लोग उपस्थित थे।

.....